


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,गुरुवार,03 जुलाई 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## Telangana Blast

### 40 लोगों की मौत के बाद सिगाची पर लापरवाही के आरोप, मशीनरी नहीं बदली; 1-1 करोड़ का मुआवजा



तेलंगाना में फार्मा कंपनी सिगाची के प्लांट में हुए धमाके में मौतों की संख्या 40 पहुंची। कर्मचारियों की चेतावनी के बावजूद पुरानी मशीनरी नहीं बदली गई। कंपनी व सरकार ने मृतकों के परिजनों को 1-1 करोड़ मुआवजा देने की घोषणा की। मैनेजमेंट पर केस दर्ज।तेलंगाना के प्लांट में हुए धमाके के बाद अब फार्मा कंपनी सिगाची की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। इस मामले में पुलिस ने जो प्राथमिकी दर्ज की है, उसमें आरोप लगाया गया कि कर्मचारियों के बार बार-बार कहने के बाद भी सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पुरानी हो चुकी मशीनरी को नहीं बदला।इधर, प्लांट में हुए धमाके में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई, जबकि 33 लोग घायल हैं। इस बीच, फार्मा कंपनी सिगाची ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे का एलान किया है। इससे पहले मंगलवार को तेलंगाना सरकार ने भी पीड़ित परिवारों को इतनी ही राशि देने की घोषणा की थी। दूसरी तरफ, तेलंगाना पुलिस ने पीड़ितों और उनके परिजनों की शिकायत के आधार पर फार्मा कंपनी के मैनेजमेंट के खिलाफ केस दर्ज किया है।हादसे में अपने पिता राजनला वेंकट जगन मोहन को खोने के बाद यशवंत ने कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता के पिता और अन्य कर्मचारियों ने सिगाची कंपनी प्रबंधन को कई बार मशीनरी बदलने के बारे में सूचना दी थी, क्योंकि मशीनें बहुत पुरानी थीं और उनसे जान-माल की हानि की आशंका थी। हालांकि, कंपनी प्रबंधन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और पुरानी मशीनों का ही इस्तेमाल जारी रखा। इसकी वजह से प्लांट में विस्फोट हुआ, जिससे जानमाल की भारी

## 53% भारतीय कंपनियों ने हैकरों को दी फिरौती



2024 में 53% भारतीय कंपनियों ने रैनसमवेयर हमले के बाद डाटा वापस पाने के लिए औसतन 4 करोड़ रु. की फिरौती दी। हालांकि फिरौती में 79% की गिरावट आई, लेकिन डाटा रिकवरी पर कंपनियों ने करीब 10 लाख डॉलर तक खर्च किए।ब्रिटेन स्थित साइबर सुरक्षा फर्म सोफोस ने बुधवार को दावा किया कि 2024 में रैनसमवेयर हमलों का सामना करने वाली 53 प्रतिशत भारतीय कंपनियों ने अपना डाटा वापस पाने के लिए हैकर्स को फिरौती दी। भारत में रैनसमवेयर स्थिति-2025 की रिपोर्ट के अनुसार, फिरौती के रूप में औसत भुगतान 4,81,636 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 4 करोड़ किया गया। हालांकि यह पिछले वर्ष की तुलना में 79 प्रतिशत कम है। रैनसमवेयर हमले से प्रभावित 378 भारतीय आईटी और साइबर सुरक्षा फर्म इस अध्ययन का हिस्सा थीं।हालांकि, इस सर्वेक्षण में ऐसी किसी भी कंपनी का नाम नहीं बताया गया जो साइबर हमलों का शिकार हुई और जिसने डाटा रिकवरी के लिए फिरौती का भुगतान किया। रिपोर्ट में कहा गया है, औसत फिरौती की मांग 52 प्रतिशत घटकर 20 लाख अमेरिकी डॉलर से 9,61,289 अमेरिकी डॉलर रह गई, जबकि औसत भुगतान और भी अधिक घटकर 79 प्रतिशत यानी 4,81,636 अ भले ही इन कंपनियों ने हैकरों को फिरौती के रूप में पहले से कम भुगतान किया हो, लेकिन उन्हें इन हमलों से होने वाले नुकसान को ठीक करने और डाटा को सुचारू बनाने में काफी पैसा खर्च करना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि औसतन, भारतीय कंपनियां फिरौती की रकम के अलावा, रिकवरी लागत पर लगभग 10 लाख अमेरीकी डॉलर तक खर्च करती हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, रैनसमवेयर हमलों के आम तकनीकी कारणों में निहित कमजोरियां (29 प्रतिशत), खराब क्रेडेंशियल (22 प्रतिशत), और दुर्भावनापूर्ण ईमेल (21 प्रतिशत)

## अकेलापन खामोश महामारी, हर घंटे 100 मौतें: युवाओं पर अधिक असर,

मोबाइल, वीडियो कॉल और ऑनलाइन दुनिया ने भले ही लोगों को जोड़ने के साधन दिए हों, लेकिन भावनात्मक गहराई कहीं खोती जा रही है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती है कि हर छठा व्यक्ति खुद को अकेला महसूस करता है। यह अकेलापन अब सिर्फ भाव नहीं, मौत की बड़ी वजह बन चुका है, हर साल 8.7 लाख लोग इसकी भेंट चढ़ रहे हैं। युवाओं और बुजुर्गों में इसका असर सबसे ज्यादा है। यह संकट मानसिक स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा, रोजगार और अर्थव्यवस्था तक को प्रभावित कर रहा है। साफ शब्दों में कहा जाए तो आभासी जुड़ाव के इस युग में सच्चा साथ कहीं पीछे छूटता जा रहा है।आज के दौर में तकनीकी साधनों के माध्यम से लोगों से जुड़ाव पहले से



कहीं ज्यादा आसान हो गया है। मोबाइल फोन, वीडियो कॉल, ऑनलाइन संदेश और वर्चुअल बैठकें अब आम हो गई हैं, लेकिन इन सबके बावजूद एक सच्चाई और भी गहरी होती जा रही है, वह है अकेलापन।दुनिया में हर छठा व्यक्ति खुद को सामाजिक रूप से अकेला महसूस कर रहा है। यह अकेलापन केवल मानसिक पीड़ा नहीं है, बल्कि यह हर वर्ष आठ लाख सत्तर हजार से ज्यादा लोगों की जान ले रहा है, यानी हर घंटे सौ से अधिक लोगों की मृत्यु इसके कारण हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सोशल कनेक्शन कमीशन की रिपोर्ट में इस संकट को उजागर किया गया है।इसके अनुसार देखा जाए तो आभासी दुनिया

## नाबालिग छात्र पर फिदा हुई टीचर



मुंबई के एक प्रतिष्ठित स्कूल की शिक्षिका पर किशोर छात्र के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। शिक्षिका पर आरोप है कि अपने स्कूल के किशोर छात्र के साथ एक साल तक यौन उत्पीड़न किया। उसने किशोर छात्र को बहलाकर आलीशान होटलों में ले जाकर उसका यौन शोषण किया।मुंबई के एक प्रतिष्ठित स्कूल की शिक्षिका पर किशोर छात्र के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। शिक्षिका पर छात्र को फाइव स्टार होटल में ले जाकर शराब पिलाने और असहज होने पर उसे एंटी-एंजाइटी दवा देने का आरोप है। आरोपी शिक्षिका पुलिस कस्टडी में है और उसके खिलाफ पॉक्सो में केस दर्ज किया गया है।मामले में आरोप है कि 40 वर्षीय शिक्षिका ने अपने स्कूल के किशोर छात्र के साथ एक साल तक यौन उत्पीड़न किया। आरोपी शिक्षिका विवाहित है और उसके बच्चे भी हैं। उसने किशोर छात्र को बहलाकर आलीशान होटलों में ले जाकर उसका यौन शोषण किया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित किशोर से दिसंबर 2023 में स्कूल के वार्षिक समारोह में परिचय हुआ था। उसने कथित तौर पर जनवरी 2024 में अपना पहला यौन प्रस्ताव रखा।मामले में पुलिस ने कहा कि आरोपी के एक दोस्त ने किशोर को अवैध संबंध स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। आरोपी दोस्त का कहना था कि वे दोनों एक दूसरे के लिए बने हैं।



## Double Murder

### पत्नी बोली- बच्चों के सामने अभद्रता करता था आरोपी... महिला आयोग में शिकायत से था नाराज

Lucknow News: आलमबाग के गढ़ी कनौरा में एक युवक ने अपने सास-ससुर को चाकू से गोदकर मार डाला। पत्नी ने उसके बारे में कई खुलासे किए हैं। हत्याकांड से सनसनी फैल गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। Lucknow Murder Case: आलमबाग के गढ़ी कनौरा में बुधवार देर रात हुए डबल मर्डर से राजधानी लखनऊ थर्रा उठी। दामाद ने अपने सास-ससुर को चाकू से गोदकर मार डाला। आरोपी जगदीप सिंह की पत्नी पूनम ने बताया कि पति से शादी के बाद से ही विवाद चल रहा था। बुधवार को आरोपी ससुराल आया था। पत्नी से बात करने की कोशिश की पर आरोपी की हरकतों से परेशान होकर पूनम ने उससे बात करने से मना कर दिया।दोनों की झड़प होने लगी और जगदीप ने पूनम की पिटाई कर दी। इस दौरान ससुर अनंत राम और सास आशा देवी ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वो आपे से बाहर हो गया और चाकू से बुजुर्ग दंपती पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे। लोगों ने हिम्मत जुटाकर आरोपी को दबोच

# Aaj Ka Rashifal 3 July

मिथुन और सिंह समेत इन पांच राशि वालों को मिल सकती है अच्छी खबर, पढ़ें आज का राशिफल

03 July Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 03 जुलाई 2025 का राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आप कुछ बेवजह के कामों को लेकर भी परेशान रहेंगे। आप माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आपको उनकी सेहत पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं। आपके साथ बिजनेस में कोई धोखा होने की संभावना है, इसलिए आप अपने आंख और कान खुले रखें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचें। आप किसी परिजन के घर दावत पर जा सकते हैं।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए कार्यक्षेत्र में बढ़िया रहने वाला है। आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा और आपकी कोई अटकी डील फाइनल हो सकती है, लेकिन आप जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें और उनसे कोई ऐसी बात ना बोले, जो कि उन्हें बुरी लगे। आप अपने रहने सहन के स्तर में सुधार लाएंगे और अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं, जिसके लिए आप कोई लोन भी अप्लाई करने की सोचेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी धार्मिक कामों में भी काफी रुचि रहेगी, लेकिन आप किसी नए काम की शुरुआत करें, तो उसके लिए आप पूरी लिखा पढ़ी करके आगे बढ़ना होगा। आपको आज भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। शेयर मार्केट में आपके किसी एक्सपर्ट की राय लेना बेहतर रहेगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में बदलाव लाने के लिए रहेगा। आपके मनमौजी कामों से आपके सहयोगी भी परेशान रहेंगे। आप बेवजह किसी किसी से न उलझें, नहीं तो इससे लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। आप कोई फैसला उन पर ना डालें, आपको सिरदर्द और बदनदर्द आदि जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा ध्यान रखना होगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता हो सकता है। यदि आपने किसी से कोई कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आपको अपने आप पड़ोस में किसी वाद-विवाद की स्थिति से बचने की आवश्यकता है। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल कर सकते हैं। पार्टनरशिप आप थोड़ा देखभाल कर ही करें। आप संतान के लिए कोई लैपटॉप और मोबाइल की खरीदारी कर सकते हैं। आपका कोई पुराना प्यार वापस आ सकता है, जिससे आपके गृहस्थ जीवन में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आपके मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य थोड़ा परेशान रहेंगे।

### तुला

आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपकी किसी बात से आज माताजी परेशान रहेंगी। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। वाहनों के प्रयोग से आपको थोड़ा सावधान रहना होगा, क्योंकि वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आज आप सोच समझकर कामों को पूरा करेंगे, लेकिन उस पर आपका खर्चा भी अधिक होगा। जीवनसाथी यदि आपसे नाराज चल रही थी, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करेंगे।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहेंगे। आपको किसी काम को लेकर अपने पिताजी से सलाह लेनी पड़ सकती हैं। आप अपनी जिम्मेदारियों से बिल्कुल पीछे ना हटें। आपके परिवार में सदस्यों में एकजुटता बनी रहेगी और किसी मांगलिक उत्सव की तैयारी भी शुरू हो सकती है। नौकरी के लिए कोई सदस्य घर से दूर जा सकता है। आपको किसी नए वाहन के खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप किसी गलत इन्वेस्टमेंट को करने से बच सकते हैं। प्रॉपर्टी में थोड़ा सोच समझकर ही हाथ बढ़ाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को मनपसंद काम मिलने से उनके कुछ विरोधी हो सकते हैं, जो उनके बॉस से चुगली लगा सकते हैं, आपको अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे।

### मकर

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। दोस्तों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपने किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा हो सकता है। शेयर मार्केट में आप थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप अपनी नौकरी में मन मुताबिक काम ना मिलने से थोड़ा परेशान रहेंगे। किसी दूसरी नौकरी के लिए आप ट्राई कर सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को थोड़ा समझदारी दिखाते हुए कामों को करना होगा और आप किसी अजनबी पर भरोसा बिल्कुल ना करें

### मीन

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी। यदि किसी काम को लेकर आपके मन में संशय चल रहा है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़ें। जो विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें अपने गुरुजनों का पूरा साथ मिलेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

आज 3 जुलाई का दिन है। हिंदू पंचांग के अनुसार आज आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर कन्या राशि में हुआ है। आज हस्त नक्षत्र, परिध योग के साथ-साथ रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। ऐसे में आज के दिन कुछ राशि वालों को भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। मेष राशि वालों को आज के दिन सेहत का विशेष ध्यान देना होगा। वृषभ राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में नया अनुभव प्राप्त होगा। सिंह राशि वालों को प्रेम के मामले में सफलता प्राप्ति होगी। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि वालों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।

# HP Cloud Burst: हिमाचल प्रदेश

## हिमाचल प्रदेश में एक ही रात 17 जगह बादल फटे; 18 लोगों की मौत, 34 लापता, 332 किए रेस्क्यू

Mandi Flood: सोमवार की रात प्रकृति ने ऐसा ताडंव मचाया कि कई जिंदगियां लील लीं। इस रात 17 जगह बादल फटे। जिला मंडी में 16 लोगों समेत पूरे प्रदेश में 18 की जान चली गई है। पढ़ें पूरी खबर..हिमाचल प्रदेश में सोमवार रात को 17 जगह बादल फटे हैं। मंडी जिले में 15, जबकि कुल्लू और किन्नौर जिले में एक-एक जगह बादल फटा है। मंडी जिले में बारिश, बादल फटने और ब्यास नदी व नालों के रौद्र रूप से भारी तबाही हुई है। मंडी में 16 लोगों समेत पूरे प्रदेश में 18 की जान चली गई है। 33 लोग अभी लापता हैं। दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। 332 लोगों को जगह-जगह से रेस्क्यू कर उनकी जान बचाई गई है। अकेले मंडी जिले में 24 घर और 12 गोशालाएं जमींदोज हो गई हैं। 30 पशुओं की मौत हो गई है। कुकलाह के समीप पटीकरी प्रोजेक्ट बह गया है। कई पुल ध्वस्त हो गए हैं। थुनाग उपमंडल में कुकलाह में भी रात को बादल फटने से आई बाढ़ में करीब आठ घरों के साथ 24 लोग बह गए। मंगलवार शाम को 9 शव मिले हैं, जबकि 21 लोग लापता है। गोहर उपमंडल के स्यांज में सोमवार रात को बादल फटने से नौ लोगों के साथ दो घर बह गए। इनमें दो के शव मिले हैं। बाड़ा में एक घर के ढहने से छह लोग दब गए। इनमें से चार को रेस्क्यू कर लिया गया, जबकि दो के शव बरामद हुए हैं। बस्सी में फंसे दो लोगों को रेस्क्यू किया गया, जबकि परवाड़ा में मकान बहने के कारण एक ही परिवार के दो सदस्य लापता हैं। एक शव बरामद कर लिया गया है। करसोग में बादल फटने से पुराना बाजार नेगली पुल से चार लोग लापता हैं, जबकि एक शव बरामद कर लिया गया है। यहां छह घरों को नुकसान पहुंचा है।
















# UP Weather: रिमझिम से मिली राहत

6 जुलाई तक तेज बारिश; मौसम विभाग ने की आने वाले दिनों के लिए भविष्यवाणीरिमझिम बारिश ने गर्मी से राहत दी है, तो वहीं अब 6 जुलाई तक तेज बारिश के आसार हैं। मानसून की दस्तक के बाद से अब तक आगरा में सामान्य से तीन गुना बारिश हो चुकी है।



जुलाई के दूसरे दिन भी आगरा पर मानसून के बादल मेहरबान रहे। बुधवार को दोपहर में दो बार हुई बारिश ने लोगों को उमस से राहत दी। दिन में 6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि रात में 19 मिमी बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को हल्की, लेकिन शुक्रवार से तेज बारिश के आसार 6 जुलाई तक जताए हैं।बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा। न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। सुबह 8:30 से रात 8:30 बजे के बीच 6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। दोपहर में 12 बजे और फिर डेढ़ बजे से दो बजे के बीच बारिश हुई जो रुक-रुक कर होती रही। कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश के कारण उमस से बेहाल लोगों को राहत मिली।मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के मुताबिक बृहस्पतिवार को बादलों की लुकाछिपी बनी रह सकती है। एक से दो बार हल्की बारिश के आसार हैं,

# जानें तिग्मांशु की फिल्मों के किस्से

Tigmanshu Dhulia Birthday: मशहूर निर्माता-निर्देशक और एक्टर तिग्मांशु धूलिया का आज जन्मदिन है। इस मौके पर जानते हैं उनकी फिल्मों से जुड़े अनसुने किस्से।आपको 'पान सिंह तोमर' और 'हासिल' जैसी फिल्में तो याद ही होंगी। ये वो फिल्में हैं, जिन्हें कई फिल्म इंस्टीट्यूट्स में दिखाया जाता है और पढ़ाया जाता है। बॉलीवुड की इन कल्ट क्लासिक फिल्मों का निर्देशन किया है तिग्मांशु धूलिया ने। आज तिग्मांशु धूलिया अपना 58वां जन्मदिन मना रहे हैं। तिग्मांशु एक निर्देशक होने के अलावा डायलॉग राइटर, स्क्रिप्ट राइटर, कास्टिंग डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और शानदार अभिनेता भी हैं। उनके द्वारा निभाया गया रामाधीर सिंह का किरदार आज भी लोगों का फेवरिट कैरेक्टर है।उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में जन्मे तिग्मांशु धूलिया ने अपना करियर टीवी से शुरू




किया था। इसके बाद फिल्मों में उन्होंने एंट्री बतौर कास्टिंग डायरेक्टर की। उन्होंने 'बैंडिट क्वीन', 'द वॉरियर', 'सरदार' और 'स्टिफ अपर लिप्स' जैसी कई फिल्मों के लिए कास्टिंग की है। तिग्मांशु ने बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत की 2003 में फिल्म 'हासिल' से। कॉलेज पॉलिटिक्स पर बनी इस फिल्म में इरफान खान लीड रोल में थे। वो फिल्म में निगेटिव किरदार में थे। इसके अलावा जिम्मी शेरगिल और आशुतोष राणा भी प्रमुख किरदारों में थे। इस फिल्म को बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में गिना जाता है। इसके बाद तिग्मांशु ने 'पान सिंह तोमर', 'साहेब बीवी और गैंगस्टर', 'शागिर्द', 'बुलेट राजा', 'मिलन टॉकीज' और 'साहेब बीवी और गैंगस्टर रिटर्न्स' और 'साहेब बीवी और गैंगस्टर 3' जैसी कई फिल्मों का निर्देशन

# Priyanka Chopra

Priyanka Chopra on Returning to Bollywood: देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपनी फिल्म हेड ऑफ स्टेट के प्रमोशन के दौरान बताया है कि वो बॉलीवुड फिल्में करना बहुत मिस कर रही हैं।बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' और अब हॉलीवुड की सुपरस्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा के दिल की बात एक बार फिर खुलकर सामने आई है। भले ही वो हॉलीवुड में लगातार झंडे गाड़ रही हों, लेकिन उनका दिल अब भी भारत और बॉलीवुड के करीब ही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उन्हें बॉलीवुड की बहुत याद आती है और इस साल वो भारत में एक नई फिल्म की शूटिंग भी शुरू करेंगी।प्रियंका चोपड़ा ने अपनी हालिया हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन के दौरान जब भारतीय मीडिया से बात की, तो उन्होंने




# पिता किशोर कुमार से सीखे थे संगीत के गुण



**Amit Kumar Birthday: अमित कुमार संगीत की दुनिया में एक जाना-माना नाम हैं, जिन्होंने कई मशहूर गाने गाएं हैं। आइए गायक के जन्मदिन पर जानते हैं, उनके प्रसिद्ध गानों के बारे में।** अमित कुमार सिनेमाई दुनिया में उन चुनिंदा गायकों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी खुद की एक अलग पहचान बनाई। अमित कुमार महान संगीतकार और गायक रहे किशोर कुमार के बेटे हैं। अमित कुमार के गाए हुए कई लोकप्रिय और हिट गाने हैं, जो आज भी श्रोताओं के दिलों में बसे हुए हैं। आज 3 जुलाई को गायक अपना 73वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास अवसर पर चलिए एक नजर डालते हैं सिंगर के गानों और करियर पर।अमित कुमार का जन्म 3 जुलाई 1952 को कलकत्ता, पश्चिम बंगाल में हुआ था। गायक दिग्गज अभिनेता, संगीतकार, गायक और निर्माता किशोर कुमार और बंगाली गायिका-अभिनेत्री रूमा गुहा ठाकुरता के पुत्र हैं। अमित कुमार को बचपन से ही घर में संगीत का माहौल मिला, जिसने म्यूजिक में उनकी रूचि बढ़ाई। गायक बचपन में अक्सर अपने पिता संग संगीत के कार्यक्रमों में जाया करते थे और मंच पर अपने सुरों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते थे।किशोर कुमार ने अपने बेटे अमित कुमार की गायन प्रतिभा को बहुत जल्दी पहचान लिया था। हालांकि, गायक को पहला ब्रेक संगीतकार सपन जगमोहन ने दिया। गायक ने अपने करियर की शुरुआत साल 1973 में रिलीज हुई फिल्म 'दरवाजा' से की, जिसमें उन्होंने 'होश में हम कहां' गाना गाया था, जिसे सपन जगमोहन द्वारा संगीतबद्ध किया गया था। इस गाने से उनकी आवाज को पहचान मिलनी शुरू हो गई।

# Deepika Padukone





**HOLLYWOOD WALK OF FAME 2026: बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भारत का नाम ऊंचा कर दिया है। एक्ट्रेस पहली भारतीय बन गई हैं जिन्हें हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम 2026 की लिस्ट में शामिल किया गया है।** बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर भारत को गौरवान्वित कर दिया है। जी हां, हॉलीवुड की प्रतिष्ठित 'वॉक ऑफ फेम' लिस्ट में उनका नाम शामिल कर लिया गया है और इस सम्मान के साथ वो पहली भारतीय बनी हैं जिन्हें ये वैश्विक पहचान मिली है। खास बात ये है कि ये उपलब्धि उन्होंने हाल ही में मां बनने के बाद हासिल की है, जिससे ये पल और भी खास बन गया है।साल 2026 के लिए घोषित 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' की लिस्ट में दीपिका उन 35 दिग्गजों में शामिल हैं, जिन्हें मोशन पिक्चर्स की कैटेगरी में चुना गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में उनके साथ हॉलीवुड के सुपरस्टार टिमोथी चालमेट, डेमी मूर, राशेल मैकऐड्म्स और रामी मालेक जैसे बड़े नाम भी हैं।दीपिका पादुकोण ने न सिर्फ आलिया भट्ट, रश्मिका मंदाना और कियारा आडवाणी जैसी नई पीढ़ी की अदाकाराओं को पीछे छोड़ा है, बल्कि प्रियंका चोपड़ा जैसी ग्लोबली स्थापित स्टार को भी पछाड़कर खुद को एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है।दीपिका ने सिर्फ बॉलीवुड तक खुद को सीमित नहीं रखा। उन्होंने 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' जैसी फिल्म से हॉलीवुड में एंट्री की और वहां भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। अब वॉक ऑफ फेम का हिस्सा बनकर उन्होंने इंटरनेशनल मंच पर अपनी उपस्थिति और भी मजबूत कर ली है।साल 2018 में टाइम मैगजीन ने दीपिका को दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल किया था। इसके बाद TIME100 इम्पैक्ट अवॉर्ड और फीफा वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में ट्रॉफी अनवील करने का मौका पाकर उन्होंने भारत का नाम रोशन किया था। दीपिका को इंटरनेशनल फैशन ब्रांड्स ने भी खूब सराहा। वो लुई विटॉन और कार्टियर जैसी लग्जरी ब्रांड्स का चेहरा बन चुकी हैं। ये उपलब्धि किसी भी भारतीय अभिनेत्री के लिए गौरव की बात है।दीपिका के पास फिलहाल कई बड़े बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें एक फिल्म एटली के निर्देशन में है। इसके अलावा वो अपनी प्रोडक्शन कंपनी के जरिए भी नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।बता दें ये एक विशेष सम्मान है जो हॉलीवुड बुलेवार्ड पर उन कलाकारों को दिया जाता है

# Sean Diddy Combs




Sean Combs Case Verdict: रैपर 'डिडी' कॉम्ब्स के लिए अदालत का फैसला मिली-जुली राहत लेकर आया है। जहां एक तरफ दो मामलों में वो दोषी पाए गए हैं वहीं तीन बड़े मामलों में उन्हें बरी भी कर दिया गया है। हॉलीवुड म्यूजिक प्रोड्यूसर और रैपर सीन 'डिडी' कॉम्ब्स को बुधवार को अमेरिका की एक अदालत ने यौन तस्करी और रैकेटियरिंग साजिश जैसे गंभीर आरोपों से बरी कर दिया है। हालांकि राहत की इस खबर के बीच एक बड़ा झटका भी सामने आया। कॉम्ब्स को दो दूसरे आपराधिक मामलों में दोषी करार दिया गया और उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा।कॉम्ब्स को जिन दो मामलों में दोषी पाया गया है, वो हैं- 'वेश्यावृत्ति के उद्देश्य से महिला को ले जाने' के दो अलग-अलग आरोप। इन दोनों मामलों में उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा हो सकती है। हालांकि सजा की सुनवाई अक्टूबर 3 को होने वाली है, लेकिन फिलहाल उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है।ये हाई-प्रोफाइल केस सिंगर केसी वेंचुरा और एक अन्य महिला के गंभीर आरोपों पर केंद्रित था। वेंचुरा ने दावा किया कि कॉम्ब्स ने उन्हें 11 साल की रिलेशनशिप में शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, यहां तक कि ड्रग्स और जबरन यौन क्रियाओं में भी शामिल किया। दूसरी महिला, जिसे अदालत में 'जेन' के नाम से पहचाना गया, उसने भी यही आरोप लगाए कि वो कॉम्ब्स की बनाई पार्टियों के जाल में फंस गईं और उसके साथ यौन अपराध हुए।इस केस में सरकार ने कॉम्ब्स पर संगठित अपराध चलाने का भी आरोप लगाया था, जिसमें जबरन मजदूरी, रिश्वत, अपहरण और यौन तस्करी शामिल थे। लेकिन जूरी ने इन गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया क्योंकि उन्हें पर्याप्त प्रमाण नहीं मिले कि कॉम्ब्स

## Gold Silver Price

### सोने की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी, चांदी 104800 रुपये पर स्थिर

बुधवार को राजधानी दिल्ली में सोना 500 रुपये बढ़कर 99,170 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमतें 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। लगातार दो सत्रों में पीली धातु की कीमत में 1,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है।अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंताओं के बीच वैश्विक स्तर पर भारी बिकवाली से सोने के दाम में उछाल आया। बुधवार को राजधानी दिल्ली में सोना 500 रुपये बढ़कर 99,170 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। लगातार दो सत्रों में पीली धातु की कीमत में 1,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 450 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं चांदी की कीमतें 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टी की है। नुवामा प्रोफेशनल क्लाइंट्स ग्रुप के एफएक्स एवं कमोडिटी प्रमुख अभिलाष कोइकरा ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में सोने की कीमत में तेजी के साथ शुरुआत हुई। इसमें जून के उच्चतम स्तर से हालिया गिरावट ईरान-इस्राइल युद्ध विराम के बाद भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम में कमी के



कारण आई। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय बैंकों ने जून में 50 टन से अधिक सोना खरीदा, जिसका नेतृत्व चीन और तुर्की ने किया। वहीं यूरोप में व्यापार तनाव के बीच गोल्ड ईटीएफ में नए सिरे से निवेश आया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक कर और व्यय कटौती विधेयक को लेकर चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण सोने में तेजी आई। इससे सोने की कीमतों को और समर्थन मिला।वैश्विक बाजारों में सोना हाजिर मामूली बढ़त के साथ 3,342.44 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

## Trade Deal

### यूएस-वियतनाम व्यापार समझौते से सबक ले सकता है भारत, जीटीआरआई की रिपोर्ट में अहम संकेत

हाल ही में अमेरिका और वियतनाम के बीच व्यापार समझौता हुआ है।

इस व्यापार समझौते से भारत कई सबक सीख सकता है। खासकर भारतीय निर्यातकों पर इसका गहरा असर हो सकता है। भारत, वियतनाम को निर्यात के मामले में प्रतिद्वंदी और क्षेत्रीय सहयोगी दोनों मानता है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट में यह बताया गया है।रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका और वियतनाम में जब साल 2000 में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके बाद वियतनाम के उत्पाद अमेरिका में सिर्फ 2 से 10 प्रतिशत टैरिफ पर आने लगे। अब ट्रंप प्रशासन अब ट्रंप प्रशासन



ने नई डील में वियतनामी उत्पादों के अमेरिका में आने पर 20 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का फैसला किया है। अमेरिका के इस कदम से वियतनाम का निर्यात बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। जीटीआरआई ने कहा कि भारतीय निर्यातकों को भी इससे सबक लेना चाहिए। साल 2000 में हुए व्यापार समझौते के बाद वियतनाम के उत्पादों की अमेरिका में आवक काफी बढ़ गई और एक समय जो वियतनाम का निर्यात सिर्फ 80 करोड़ डॉलर था, वह बढ़कर 135 अरब डॉलर हो गया। विशेषज्ञों का दावा है कि नए टैरिफ के बाद वियतनाम की यह बढ़त खत्म हो सकती है और इससे वियतनाम का निर्यात सेक्टर बुरी तरह से प्रभावित होगा।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंक्रीमेंटल

### ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 6.7%, अकेले SBI का योगदान 1.1%

भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की





एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, "वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया"।वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है।

## ऑफिस में काम करने वालों की भर्तियां

20 फीसदी बढ़ी, दिल्ली-एनसीआर जैसे महानगरों में धीमी बढ़ोतरी एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑफिस में काम करने वाले लोगों की भर्तियां 20 फीसदी बढ़ी हैं, जबकि दिल्ली-एनसीआर जैसे महानगरों में बढ़ोतरी धीमी हो गई है। छोटे शहर रोजगार वृद्धि का प्रमुख इंजन बन रहे हैं। ऑफिस में काम करने वालों (व्हाइट कॉलर) की भर्तियां जून, 2025 में सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़ी हैं। इसमें मुख्य रूप से टियर-2 श्रेणी के शहरों (छोटे शहर) का योगदान रहा है और वे देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं।फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के मुताबिक, भर्तियों में 26 फीसदी वृद्धि के साथ कोयंबटूर सबसे आगे रहा। इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 फीसदी की वृद्धि हुई। इसमें



आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैंरिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

## Trade: 9 जुलाई से पहले व्यापार

सौदे को अंतिम रूप देने की कोशिश में भारत-अमेरिका, टैरिफ की अब भी लटक रही तलवार भारत और अमेरिका 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से लगाए गए 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ में छूट खत्म होने से पहले दोनों देश बातचीत में जुटे हैं। व्यापार सौदे में कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्र चुनौतीपूर्ण हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है और दोनों देश इस समझौते को 9 जुलाई से पहले अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से



आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का एलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि उसे इस 26 फीसदी अतिरिक्त कर से पूरी तरह छूट मिल जाए। जब पूछा गया कि क्या भारत और अमेरिका 9 जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं, तो सूत्रों ने कहा,

## भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**टैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।

बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय






प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT
WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS
INDIA
PROMOTE YOUR
BUSSINESS ON
NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC
Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC
Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL
OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612

# मोहम्मद सिराज ने हैदराबाद में खोला

## अपना पहला रेस्टोरेंट, फैंस से की ये भावुक अपील

टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने क्रिकेट के मैदान से हटकर एक नई पारी की शुरुआत की है. सिराज ने हैदराबाद शहर के बीचों-बीच अपना पहला रेस्टोरेंट 'Joharfa' लॉन्च किया है. सिराज के नए रेस्टोरेंट में मुग़लई मसालों, फ़ारसी और अरबी पकवानों से लेकर चाइनीज़ डिशेज़ का खास मेल देखने को मिलेगा.टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने क्रिकेट के मैदान से हटकर एक नई पारी की शुरुआत की है. सिराज ने हैदराबाद शहर के बीचों-बीच अपना पहला रेस्टोरेंट 'Joharfa' लॉन्च किया है. सिराज के नए रेस्टोरेंट में मुग़लई मसालों, फ़ारसी और अरबी पकवानों से लेकर चाइनीज़ डिशेज़ का खास मेल देखने को मिलेगा रेस्टोरेंट का मेनू खासतौर पर हैदराबादी स्वाद को ध्यान में रखते







हुए तैयार किया गया है, जो हर आयु वर्ग के लोगों को पसंद आएगा.

# भारतीय टीम में तीन बदलाव

शार्दुल-सुदर्शन और बुमराह बाहर, दो स्पिनरों के साथ उतरा भारत भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जा रहा है। टॉस हो चुका है।भारत और इंग्लैंड के

बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जा रहा है। टॉस हो चुका है और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करेगी। हालांकि, कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि वह भी पहले गेंदबाजी ही करना चाहते थे। गिल ने प्लेइंग-11 में तीन बदलाव की पुष्टि की।गिल ने बताया कि शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन यह मैच नहीं खेल रहे हैं। इनकी जगह नीतीश रेड्डी, आकाश दीप और वॉशिंगटन सुंदर प्लेइंग-11 में आए हैं। गिल ने कहा- बुमराह के वर्कलोड को मैनेज करने के लिए यह फैसला लिया गया है। हमें अच्छा ब्रेक मिला और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मैच है, लेकिन तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में होने के कारण, हमें लगता है कि उस पिच में गेंदबाजों के लिए बहुत कुछ होगा। इसलिए हमने बुमराह



को वहां इस्तेमाल करने का सोचा है।कुलदीप पर सुंदर को तरजीह देने को लेकर गिल ने कहा, 'हम कुलदीप को खिलाने के लिए आतुर थे, लेकिन पिछले मैच को देखते हुए कि हमारे निचले क्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, इसलिए बल्लेबाजी में कुछ गहराई जोड़ने का फैसला किया और सुंदर को मौका दिया।' सुदर्शन के नहीं खेलने का मतलब है कि करुण तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। लीड्स में पिछले टेस्ट में सुदर्शन और करुण दोनों ही कुछ कमाल नहीं कर पाए थे। दोनों पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में सुदर्शन ने 30 और करुण ने 20 रन बनाए थे। वहीं, छठे नंबर पर नीतीश आएंगे। भारतीय टीम के पास इस टेस्ट में गेंदबाजी के छह विकल्प हैं। शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

# Wimbledon: युकी-गैलोवे की जोड़ी विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में



इस बार विम्बलडन महिला एकल में शीर्ष दस में से चार खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गईं जिनमें दूसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ, तीसरे नंबर की जेसिका पेगुला, पांचवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किंवेन और नौवीं रैंकिंग वाली पाउला बाडोसा शामिल

भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने बुधवार को मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर सीधे सेट में जीत दर्ज करके विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अरीना सबालेंका विम्बलडन में दूसरे दौर के मैच का पहला सेट गंवाने से बस दो अंक के फासले पर थी, लेकिन सही समय पर वापसी करते हुए उन्होंने मैरी बूजकोवा को 7-6, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।इस बार विम्बलडन महिला एकल में शीर्ष दस में से चार खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गईं जिनमें दूसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ, तीसरे नंबर की जेसिका पेगुला, पांचवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किंवेन और नौवीं रैंकिंग वाली पाउला बाडोसा शामिल हैं। अब तक दो दिन के भीतर 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ( दस महिला और 13 पुरूष) बाहर हो चुके हैं। सबालेंका पिछले साल कंधे की चोट के कारण विम्बलडन नहीं खेल सकी थी। अन्य मैचों में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन मेडिसन कीज ने ओल्गा डानिलोविच को 6-4, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई ।वहीं, सोलहवीं वरीयता प्राप्त भारतीय-अमेरिकी जोड़ी ने एक घंटे 49 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में अर्नेडो और गुइनार्ड को 7-6, 6-4 से मात दी। अब अगले दौर में युकी और गैलोवे की जोड़ी का सामना हालैंड के रॉबिन हासे और जीन-जूलियन रोजर की जोड़ी तथा अमेरिका के मार्कोस गिरोन और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।भारत के अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और बेल्जियम के सैंडर गिल की जोड़ी पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी। वहीं एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलिपल्ली

# ईशा, विदरसा और पार्थ ने मचाया धमाल

## राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दर्ज की जीत

तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता।ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह गुरुवार को ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल के तीसरे दिन तीन विजेताओं में शामिल रहीं। तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता।ईशा ने फाइनल में महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल को हराया जिन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तमिलनाडु की निवेदिता नायर तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 में दो बार के ओलंपियन और थ्री पी विशेषज्ञ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 0.3 अंक से पार्थ से पीछे दूसरे स्थान पर रहे, जबकि उमामहेश तीसरे



स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पी टी4 फाइनल में विदरसा ने पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता और दो बार की ओलंपियन अंजुम मौदगिल को 0.3 अंक से पछाड़ दिया। विश्व कप रजत पदक विजेता हरियाणा की निश्चल तीसरे स्थान पर रही।तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता।ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह गुरुवार को ग्रुप ए राइफल और पिस्टल

# World Police & Fire Games 2029

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'गुजरात के लिए गर्व का क्षण! भारत ने बर्मिंघम, यूएसए में डब्ल्यूपीएफजी फेडरेशन के समक्ष एक व्यापक बोली प्रस्तुति के बाद अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी) की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। 23वें विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2029 की मेजबानी भारत को मिल गई है। इसका आयजोन गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'गुजरात के लिए गर्व का क्षण! भारत ने बर्मिंघम, यूएसए में डब्ल्यूपीएफजी फेडरेशन के समक्ष एक व्यापक बोली प्रस्तुति के बाद अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी)



की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। यह वैश्विक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है और अहमदाबाद को भारत की खेल राजधानी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।'की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। यह वैश्विक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है और अहमदाबाद को भारत की खेल राजधानी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।'गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा,